कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-24.12.2024

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त सचिन निषाद थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रानिक साक्ष्य व मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0-436/2024 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए वांछित अभियुक्त सचिन निषाद पुत्र खरपत्तु निषाद निवासी सदात बिन्दुली नवाबाद थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को आज दिनांक-24.12.2024 को समय करीब 10.30 बजे ग्राम चन्दापुर हाइवे पर थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 23.12.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की भांजी उम्र करीब 15 वर्ष को अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर मे सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 सैय्यद महफूज आलम के द्वारा सम्पादित की जा रही।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त सचिन निषाद ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं अपहृता/पीड़िता से प्यार करता हूँ और मैं अपहृता/पीड़िता से करीब तीन महीने से फोन पर बात करता था। मैं उससे शादी करना चाहता था इसलिए कल दिनांक-23.12.2024 को जब अपहृता/पीड़िता स्कूल गयी तो मैं उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ मुम्बई शादी करने के लिए ले जा रहा था लेकिन रास्ते में वह रोने लगी तो मैं अपहृता/पीड़िता को वापस घर छोड़ने के लिए आ रहा था कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सचिन निषाद पुत्र खरपत्तु निषाद निवासी सदात बिन्दुली नवाबाद थाना सिकरारा जनपद जौनपुर, उम्र करीब 24 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 15 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

ग्राम चन्दापुर हाइवे पर थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-24.12.2024 को समय करीब 10.30 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 436/2024 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 सैय्यद महफूज आलम थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

2- हे0का0 लवकुश कुमार थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

3- म0का0 वैशाली यादव थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।